Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to restore railway services discontinued during Covid-19 Pandemic in Wardha Parliamentary Constituency, Maharashtra -laid.

श्री रामदास तडस (वर्धा): मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र वर्धा (महाराष्ट्र) की महत्वपूर्ण समस्या की ओर आकृष्ट करते हुए कहना चाहता हूं कि कोविड-19 महामारी के दरम्यान रेल मंत्रालय के माध्यम से रेल सेवा में बड़े पैमाने पर बदलाव किए गए थे।

रेल एक्सप्रेस मेल गाड़ियों के अनेक स्टॉपेज रद्द किए गए थे, अनेक रेल गाड़ियाँ रद्द हैं। की गई थी। वरिष्ठ नागरिक को मिलने वाला कंसेसन विशेष ट्रेन सेवा में बंद किया गया है। इन सभी कारणों से प्रवासी वर्ग में रोष बढ़ता जा रहा है।

वर्तमान में कोविड टीकाकरण मुहिम तेज गति से प्रगति पर है। हवाई सेवा एवं रोड ट्रांसपोर्ट सेवा भी सामान्य हो गई है। ऐसी स्थिति में रेल सेवा सामान्य करने हेतु आम जनता भारी मांग कर रही है।

रेल मंत्री जी से आग्रह है कि कोविड के पूर्व जो रेल सेवाएँ उपलब्ध थीं, उन्हें तत्काल प्रभाव से पुनःश्च प्रारंभ करने के संदर्भ में उचित निर्णय लेने की कृपा करे।